डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर

प्रवीण कुमार
प्रबन्ध निदेशक

Praveen Kumar
Managing Director

डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर कॉर्पोरेशन ऑफ इण्डिया लि.
भारत सरकार (रेल मंत्रालय) का उपक्रम

Dedicated Freight Corridor Corporation of India Ltd.
A Government of India (Ministry of Railways) Enterprise

# संदेश

## विश्व पर्यावरण दिवस (5 जून 2025)

विश्व पर्यावरण दिवस हर साल 5 जून को मनाया जाता है। यह दिवस 1973 से संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP) के नेतृत्व में स्टॉक होम सम्मेलन के बाद शुरू हुआ और तब से ही इसको प्रत्येक वर्ष वैश्विक स्तर पर मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम के नेतृत्व में यह दिन पर्यावरण जागरूकता के लिए दुनिया का सबसे बड़ा मंच बन चुका है, जिसमें हर वर्ष 150 से अधिक देश भाग लेते हैं। इस वर्ष हम #BeatPlasticPollution थीम के साथ एकजुट हो रहे हैं, ताकि वर्तमान में हमारे सम्मुख सबसे गंभीर पर्यावरणीय चुनौती का समाधान किया जा सके।

जैसा कि हम सब जानते हैं कि प्लास्टिक प्रदूषण आज एक बड़ा मुद्दा बन चुका है, जो पारिस्थितिकी तंत्र, खाद्य श्रृंखला और यहाँ तक कि मानव शरीर तक में माइक्रो प्लास्टिक के माध्यम से प्रवेश कर चुका है। विश्व पर्यावरण दिवस 2025 का उद्देश्य वैश्विक समुदाय को जागरूक करना, वैज्ञानिक शोधों को सामने लाना और प्लास्टिक के प्रयोग को कम करके उसका पुनः उपयोग करने, रीसाइकिलिंग करने और इसके उपयोग के तरीके पर पुनर्विचार करने के लिए प्रेरित करना है।

सिंगल यूज प्लास्टिक से उत्पन्न सूक्ष्म प्लास्टिक अब हमारे प्राकृतिक वातावरण में सर्वव्यापी हो चुका है। वह पृथ्वी के जीवाश्म रिकॉर्ड का भी हिस्सा बन रहा है। वर्तमान में प्रत्येक वर्ष लगभग 400 मिलियन टन प्लास्टिक कचरा विश्व स्तर पर उत्पन्न हो रहा है।

डीएफसीसीआईएल पर्यावरणीय दुष्प्रभावों को कम करने और सतत संधारणीय कार्यप्रणाली को अपनाने में अपनी ज़िम्मेदारी को गंभीरता से समझता है। यह अत्यंत आवश्यक है कि हम अपने दैनिक कार्यों और कार्यालयीन गतिविधियों में प्लास्टिक उपयोग को न्यूनतम करें। इस विशेष अवसर पर मैं आप सभी से आह्वान करता हूँ कि:

- अपने कार्यस्थल और दैनिक जीवन में सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग घटाएं।
- उन सामग्रियों का पुनः उपयोग करें, जहां उनका जीवनचक्र का विस्तार संभव हो सके।
- पर्यावरण को दूषित होने से बचाने के लिए कचरे का सही ढंग से रीसाइकिलिंग करें।
- टिकाऊ विकल्प अपनाने के लिए अपने उपभोक्ता पैटर्न पर पुनर्विचार करें।

डीएफसीसीआईएल ने अपनी पृथ्वी और पर्यावरण संरक्षण हेतु निर्माण गतिविधियों के दौरान बड़े स्तर पर सामूहिक और परिवर्तनकारी पहलें शुरू की हैं। हमारे द्वारा प्रकृति की बेहतर सुरक्षा और हित के लिए कई ऐतिहासिक कदम लगातार उठाए जा रहे हैं। डीएफसीसीआईएल ने अपने पूर्वी एवं पश्चिमी दोनों कोरीडोरों में छह लाख से भी अधिक पौधे लगाए हैं।

उपरोक्त सिद्धांतों के साथ हम न केवल इस वर्ष के विश्व पर्यावरण दिवस की थीम के साथ स्वयं को जोड़ते हैं, बल्कि पर्यावरणीय उत्तरदायित्व के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को भी दोहराते हैं। आइए, हम सब मिलकर डीएफसीसीआईएल को पर्यावरणीय रूप से एक सतत एवं हरित संगठन बनाने की दिशा में कार्य करें।

जय हिन्द।

प्रवीण कुमार
5.6.25
(प्रवीण कुमार)